सत्यमेव जयते

# षोडश

# बिहार विधान सभा

## पंचदश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-4

वृहस्पतिवार, तिथि $\frac{\text{08 फाल्गुन, 1941 (श०)}}{\text{27 फरवरी, 2020 (ई०)}}$

**प्रश्नों की कुल संख्या 116**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | .. | .. | .. | 21 |
| (2) | नगर विकास एवं आवास विभाग | .. | .. | .. | 30 |
| (3) | राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | .. | .. | .. | 26 |
| (4) | कृषि विभाग | .. | .. | .. | 13 |
| (5) | पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग | .. | .. | .. | 12 |
| (6) | खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | .. | .. | .. | 08 |
| (7) | सहकारिता विभाग | .. | .. | .. | 06 |
| | | | | कुल योग -- | 116 |

कब्जा दिलाना

*286. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत पथर घट प्रखंड के जम्हरा पंचायत के चार सौ महादलित परिवारों को वर्ष 2013 में 3 डिसमिल जमीन का पर्चा मिलना था, जिसमें जम्हरा पंचायत के एक सौ परिवारों को 3 डिसमिल जमीन का पर्चा अंचलाधिकारी के द्वारा वितरित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड के यथा जम्हरा गोह महादलित टोला, भद्दी महादलित टोला, बलतोरा महादलित टोला एवं बिंद टोली वार्ड नम्बर 1 के तीन सौ परिवारों को आज भी 3 डिसमिल जमीन का पर्चा अंचलाधिकारी की उदासीनता के कारण नहीं मिला है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार शेष बचे परिवारों को 3 डिसमिल जमीन का पर्चा उपलब्ध कराकर जमीन पर कबतक कब्जा दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

योजना पूर्ण कराना

*287. श्री आनन्द शंकर सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत सदर प्रखंड के ग्राम पंचायत खैरा मिर्जा के ग्राम-मंजूरखाँ में नल जल योजना का काम अधूरा पड़ा है, जबकि ग्रामीणों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त योजना को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापन करना

*288. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भूमि बंदोबस्त कार्यालय, दरभंगा में अवस्थित है, जहाँ से समस्तीपुर, दरभंगा एवं मधुबनी जिलों के भू-सर्वे सहित भू-बंदोबस्त का कार्य सम्पादित होता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सितम्बर, 2019 से ही भूमि बंदोबस्त कार्यालय, दरभंगा के सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी का पद रिक्त है जिसके कारण जरूरतमंदों को सशुल्क खतियानों की आपूर्ति बंद है और सरकार को राजस्व की हानि भी हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी के उक्त रिक्त पद पर पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*289. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नंम्बर 48 से न्यू खाजासराय में अमरनाथ झा के घर से फकीरा खाँ चौक तक एवं वार्ड नम्बर 45, आर0 एस0 टैंक नवटोलिया में अरूण मिश्रा के घर से राय साहब पोखर होते हुये नहर तक नाला निर्माण का प्राक्कलन बनाने का निर्देश विभाग ने छ: माह पूर्व बुडको को दिया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों योजना की स्वीकृति अभीतक नहीं मिली है, जबकि उक्त मोहल्लों में जल-जमाव की समस्या बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दोनों नाला निर्माण की योजनाओं की स्वीकृति कबतक देना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*290. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेतिया जिलान्तर्गत अंचल गौनाहा के ग्राम-विशुनपुरवा, थाना-26, खाता-2, खेसरा-100/113 सरकारी जमीन चार कट्ठा को नियम विरुद्ध भू-माफियाओं एवं अंचल कार्यालय की मिलीभगत से खरीद-बिक्री की जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार जाँच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई के साथ उक्त जमीन को भू-माफिया से कबतक मुक्त कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

*291. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत प्रखंड काराकाट (गोड़ारी), विक्रमगंज एवं संझौली प्रखंड के किसानों का वित्तीय वर्ष 2019-20 के अक्टूबर माह में ओलावृष्टि से धान का फसल बर्बाद हो चुका है, जिसका फसल क्षति का मुआवजा नहीं मिला है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त किसानों को धान फसल क्षति का मुआवजा कबतक देना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

*292. डॉ0 विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत नगर पंचायत शेरघाटी में करीब 2 वर्षों से कार्यपालक पदाधिकारी का पद रिक्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नगर पंचायत, शेरघाटी में बोधगया के कार्यपालक पदाधिकारी प्रभार स्वरूप प्रतिनियुक्त हैं तथा दो जगह पर प्रभार में रहने के कारण शेरघाटी नगर पंचायत का विकास कार्य प्रभावित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार नगर पंचायत शेरघाटी में कार्यपालक पदाधिकारी के पदस्थापन का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिक्रमण मुक्त कराना

*293. श्री मुनेश्वर चौधरी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत गरखा प्रखंड के मौजा-कमलापुर में 50 बीघा गैर-मजरूआ आम एवं नहरी की जमीन है, जिसे दबंगों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जमीन को अतिक्रमण मुक्त कर सरकारी उपयोग में लेना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कोल्ड स्टोर का निर्माण

*294. श्री सत्यदेव राम--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के दरौली विधान सभा के तीन प्रखंडों क्रमशः दरौली, गुठनी और आंदर में एक भी कोल्ड स्टोरेज नहीं है, जिससे वहाँ के किसानों को अपने कृषि उत्पाद रखने में काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त तीन प्रखंडों में एक कोल्ड स्टोरेज का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दुरूस्त करना

*295. श्री अशोक कुमार क्षेत्र सं0 (132)--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना शहर के नन्द गाँव मोड़ के पास स्थित सरदार पटेल भवन के पूर्वी गेट संख्या 5 के पास जलापूर्ति के पाइप से लगातार लीकेज की वजह से यहाँ से सटे विद्युत् जंक्शन बॉक्स के नीचे से लगातार पानी बहते रहने से बरबादी के साथ कभी भी बड़ी अनहोनी की संभावना बनी हुई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पानी लीकेज को दुरूस्त कराने का विचार रखती है ?

--------

योजना का लाभ देना

*296. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत पीरो नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 8 के दलित मुहल्ला में सरकार के सात निश्चय योजना के तहत अभीतक एक भी योजना नहीं ली गई है, जिससे उक्त मुहल्ला में शुद्ध पेयजल से लेकर पक्की नली-गली के अभाव में आमलोग नारकीय जीवन जीने को विवश हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मुहल्ला में सात निश्चय योजना का लाभ कबतक पहुँचाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

वैकल्पिक व्यवस्था करना

*297. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेतिया जिलान्तर्गत रामनगर एवं गौनाहा प्रखंडों में वृद्ध एवं विकलांग राशनधारियों को राशन उठाव हेतु उनका आधार कार्ड अनिवार्य कर दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 70 साल आयु के लोगों का अंगुली का निशान सही से स्कैन न हो पाने, आँख से विकलांग रहने के कारण आँख के पुतली का स्कैन नहीं होने तथा हाथ में कुष्ठ रोगी के अंगुली का निशान स्कैन नहीं होने के कारण हजारों राशनधारी अपने राशन से वंचित हो रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त वंचित राशनधारियों को राशन उठाव हेतु कौन-सी वैकल्पिक व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा का प्रावधान

*298. श्री विजय प्रकाश--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के किसान पिछले 50 वर्ष से धान एवं गेहूँ (खरीफ एवं रब्बी) फसल मुख्य रूप से उत्पाद कर रहे हैं तथा सरकार मुख्य रूप से इन्हीं फसलों की क्षति पर मुआवजा निर्धारित किया है, परन्तु साग-सब्जी उत्पादन में लगे किसानों की प्राकृतिक आपदा से क्षति पर कोई मुआवजा राशि का प्रावधान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार हरी सब्जी उपजाने वाले किसानों को फसल क्षति का उचित मुआवजा देना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अंचल पदाधिकारी का पदस्थापन

*299. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा अंचल के अंचलाधिकारी दिनांक 31 जनवरी, 2020 को सेवानिवृत्त हो गये हैं और वहाँ पर किसी पदाधिकारी को पदस्थापित नहीं किया गया है, जिसके कारण उक्त अंचल में 1,200 से अधिक दाखिल-खारिज के आवेदन लम्बित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा अंचल में अंचलाधिकारी को अविलम्ब पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रतिनियुक्ति करना

*300. श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में राजस्व पदाधिकारियों की कमी कारण योजना एवं विकास विभाग, सहकारिता विभाग, श्रम संसाधन विभाग तथा अन्य दूसरे विभागों के पदाधिकारियों को विभाग में अंचलाधिकारी के पद पर प्रतिनियुक्त किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा 60-62वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में सफल राजस्व अधिकारियों को वर्ष 2019 में योगदान कराया गया है तथा राजस्व से संबंधित कार्यों का प्रशिक्षण भी दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विभाग से आये पदाधिकारियों को उनके पैतृक विभाग में वापस करने एवं राजस्व अधिकारी को अंचलाधिकारी के पद पर प्रतिनियुक्त कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पशु चिकित्सा केंद्र स्थापित करना

*301. श्री लालबाबू राम--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के सकरा प्रखण्ड के बरियारपुर पंचायत या राजापाकर पंचायत में उप पशु चिकित्सा केन्द्र स्थापित नहीं है, जिसके कारण पशुपालकों को पशुओं के इलाज में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार बरियारपुर या राजापाकर में उप पशु चिकित्सा केन्द्र स्थापित करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कोल्ड स्टोर का निर्माण

*302. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के लखनौर प्रखण्ड में सब्जी उत्पादक किसानों के हित में कोल्ड स्टोर नहीं रहने से उत्पादित सब्जी को रख-रखाव में परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार लखनौर प्रखण्ड में एक कोल्ड स्टोर का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बासगीत पर्चा मुहैया कराना

*303. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत पुपरी प्रखण्ड सुरसंड प्रखण्ड एवं चेरौत प्रखंड में विभागीय उदासीनता के कारण अभीतक किसी भी गरीब दलित/महादलित, भूमिहीन परिवारों को जमीन का पर्चा नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंडों के गरीब परिवारों के बीच जमीन का पर्चा कबतक वितरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पक्कीकरण कराना

*304. <u>श्री चन्द्रशेखर</u>--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम क्षेत्र के पटना सदर प्रखंड के गर्दनीबाग के पश्चिम टोला सरिस्ताबाद, विकासपुरी (धोबी टोला) के विनोद ठाकुर के घर से पूर्वी सरिस्ताबाद संजय यादव के घर तक सड़क कच्ची है एवं नाला नहीं रहने के कारण जल-जमाव हो गया है और आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक पक्कीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*305. <u>श्री मदन मोहन तिवारी</u>--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत नगर परिषद्, बेतिया में हर घर नल जल का कार्य प्रारम्भ है, जिसमें मानक के विपरीत लोकल पाइप, मेटेरियल का उपयोग किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराकर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

त्रुटि का निवारण

*306. <u>श्री मेवालाल चौधरी</u>--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत असरगंज प्रखण्ड के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना अन्तर्गत ऑनलाइन किये गये आवेदनों में से 800 आदेवनों को रद्द कर पुनर्विचार के लिए रखा गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्ड के 800 किसानों के आवेदन की त्रुटि का निराकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रयोगशाला चालू कराना

*307. <u>श्री नारायण प्रसाद</u>--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत नौतन एवं बैरिया प्रखंड में किसानों के मिट्टी जाँच के लिए किसान भवन का निर्माण किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन निर्माण के बाद भी प्रयोगशाला, तकनीशियन एवं आवश्यक उपकरण उपलब्ध नहीं रहने के कारण किसानों को मिट्टी जाँच की सुविधा प्राप्त नहीं हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार नौतन एवं बैरिया प्रखंड में मिट्टी जाँच के लिए तकनीकी कर्मचारियों एवं उपकरणों की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला का निर्माण

*308. <u>श्री संजय सरावगी</u>--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं0-15 मोहल्ला चुना भट्ठी में रोड नं0 3 से रोड नं0 5 तक एवं वार्ड नं0 3, सुन्दरपुर बापू चौक से परमेश्वर चौक पोलीटेक्निक चौक होते हुए दुर्गा मंदिर तक एवं परमेश्वर चौक से मुनमुन के घर होते हुए नवकी पोखर से आगे जालान कॉलेज के पीछे तक नाला निर्माण का प्राक्कलन बनाने का निर्देश विभाग ने छः माह पूर्व बुडको को दिया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों योजनाओं की स्वीकृति अभीतक नहीं मिली है, जबकि उक्त मोहल्लों में जल-जमाव की समस्या बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दोनों नाला निर्माण की योजनाओं की स्वीकृति कबतक देना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मक्का की खरीद

*309. <u>श्री मुजाहिद आलम</u>--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले में मक्का की खेती लगभग 80 प्रतिशत किसान करते हैं, फिर भी सरकारी खरीद नहीं होने के कारण किसानों को लागत का उचित मूल्य लाभ नहीं मिल पाता है, जिसके कारण किसानों को औने-पौने दाम में बिचौलियों के हाथों बेचना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार किशनगंज जिला में सरकारी दर पर कबतक मक्का खरीद करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*310. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिले के नवीनगर नगर पंचायत में नवीनगर थाना से साया तथा नवीनगर-बारून पथ से देवराज बिगहा एक सड़क नहीं होने से आम जनता को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कबतक करने का विचार रखती है ?

--------

जीर्णोद्धार करना

*311. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बछवाड़ा प्रखंड अन्तर्गत चमथा-1 पंचायत में विभाग की ओर से पशु चिकित्सालय के भवन का निर्माण 20 वर्ष पूर्व कराया गया था, जो वर्तमान में पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पशु चिकित्सालय भवन के क्षतिग्रस्त रहने की स्थिति में पशुपालकों को दियारा क्षेत्र से बछवाड़ा प्रखंड मुख्यालय तक पशुओं के इलाज हेतु ले जाने में एक दिन का समय लग जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पशु चिकित्सालय भवन का जीर्णोद्धार कराते हुये पशु चिकित्सकों का पदस्थापन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*312. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखंड अन्तर्गत सरयूग उच्च विद्यालय की जमीन है, जिसका खेसरा नं० 5453, 5454 एवं 5457 पर अवैध तरीके से असामाजिक तत्वों द्वारा कब्जा कर मकान का निर्माण किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त खेसरा की जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराते हुये दोषी पदा० के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

गोदाम का निर्माण

*313. श्री मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत हवेली खड़गपुर में खड़गपुर हाट के समीप भारतीय खाद्य निगम का गोदाम जीर्ण-जीर्ण अवस्था में रहने के कारण बरसात के मौसम में भंडारित अनाज सड़ जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गोदाम का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन निर्माण कराना

*314. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखंड अन्तर्गत अपसढ गाँव में एक 100 एकड़ का विशाल तालाब स्थित है, जिसमें वृहद पैमाने पर मत्स्य उत्पादन होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मत्स्य भंडारण एवं विक्रय हेतु एक भवन का निर्माण करवाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कुत्ता पकड़ना

*315. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम अन्तर्गत आवारा कुत्तों की जनसंख्या बढ़ने एवं काटने के कारण आम आदमी त्रस्त हैं, जबकि आवारा कुत्तों को पकड़ने हेतु वाहन खरीदा जा चुका है, फिर भी अभीतक उसका उपयोग नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार आवारा कुत्तों को कबतक पकड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्य को पूर्ण कराना

*316. श्री संजीव चौरसिया--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के दीघा विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत पुलिस कॉलोनी गर्दनीबाग,

बाईपास आदि विभिन्न मोहल्लों में एल० एण्ड टी० के द्वारा किया जा रहे कार्य करने के दौरान सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे किये गये हैं, जिसे अभीतक भरा नहीं गया है, जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती है तथा सड़क भी संकीर्ण हो गया है तथा अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार एल० एण्ड टी० के द्वारा कराये जा रहे कार्यों की जाँच करते हुये गड्ढों को भरवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*317. श्री विद्या सागर केशरी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि फारबिसगंज नगर परिषद् के वार्ड सं० 16 एवं 18 तक जाने वाली सड़क आर० एन० दत्ता रोड के हुन्तमल अग्रवाल के घर से अम्बेदकर चौक तक सड़क का पक्कीकरण एवं नाला निर्माण नहीं होने के कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण नाला सहित कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विज्ञापन निकालना

*318. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पशु चिकित्सक के 903 पदों पर नियुक्ति हेतु बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या 1/2017 विज्ञापित की गयी थी, जिसमें 74 बैकलॉग आरक्षित वर्ग के पद को विज्ञापित नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुन: 711 पशु चिकित्सकों की नियुक्ति हेतु विज्ञापन निकालने हेतु बिहार तकनीकी सेवा आयोग को भेजा गया है, जिसमें 2004 का 74 एवं 2017 का 322 आरक्षित वर्ग के बैकलॉग पद भी सम्मलित कर दिया गया है, जिसमें बैकलॉग पद के लिये अलग-अलग विज्ञापन नहीं निकालने से आरक्षित वर्ग की वरीयता प्रभावित हो रही है, यदि हाँ, तो इसका औचित्य क्या है ?

--------

फसल क्षति का भुगतान कराना

*319. डॉ० रंजु गीता--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि आपदा प्रबंधन विभाग के ज्ञापांक 3638, दिनांक 30 अक्टूबर, 2019 के आलोक में सीतामढ़ी जिलान्तर्गत वर्ष 2019 में आये ओलावृष्टि से फसल क्षति अनुदान की राशि बाजपट्टी प्रखंड (चयनित-2018-19) को छोड़कर लगभग सभी प्रखंड में भुगतान किया जा चुका है, यदि हाँ, तो कबतक सरकार बाजपट्टी प्रखंड के किसानों को फसल क्षति अनुदान राशि भुगतान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

समायोजन करना

*320. श्री विजय प्रकाश--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में वित्तीय वर्ष 2012 में प्रकाशित विभागीय संकल्प सं० 4047, दिनांक 21 दिसम्बर, 2012 द्वारा संविदा पर कार्यरत नगर प्रबंधकों को कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित किया जाना था ;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2018-19 में प्रतियोगिता में सफल अभ्यर्थियों से सभी नगर निकायों में कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर नियुक्ति किया जा चुका है, जिसमें खंड (1) में वर्णित संकल्प का अनुपालन नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार संविदा पर कार्यरत नगर प्रबंधकों को कबतक कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर समायोजन करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जल-जमाव से निजात

*321. श्रीमती रिंकी रानी पाण्डेय--क्या मंत्री, नगर विकास एवं विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत भभुआ नगर क्षेत्र में हमेशा जल-जमाव की स्थिति बनी रहती है, जिसके कारण वहां के लोगों के साथ-साथ छोटे-छोटे बच्चों को पठन-पाठन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नगर क्षेत्र में जल-जमाव से मुक्ति हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*322. <u>श्री प्रभुनाथ प्रसाद</u>--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के गड़हनी प्रखण्ड मुख्यालय में विगत 10 वर्ष पूर्व में जलमीनार का निर्माण कार्य कराया गया है, परन्तु उक्त जलमीनार को 3 माह चालू करके पुन: बंद कर दिया गया है, जिससे प्रखण्ड मुख्यालय में लोगों को पेयजल का लाभ नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार दोषी पदाधिकारी को चिन्हित करने के साथ उक्त जलमीनार को चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अधिसूचित करना

*323. <u>श्रीमती अमिता भूषण</u>--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या 7291, दिनांक 1 जून, 2018 के द्वारा किये गये राज्य सरकारी सेवाओं के वर्गीकरण में वेतन स्तर 6 से वेतन स्तर 9 को समूह (ख) में कर्णांकित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कृषि विभाग अन्तर्गत कोटि 1 में प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी एवं समकक्ष संवर्ग जिनका वेतन स्तर 7 है, को समूह (ख) में विभाग द्वारा अधिसूचित नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी एवं समकक्ष संवर्ग नियमावली में इस संवर्ग को समूह (ख) के रूप में कबतक अधिसूचित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जमीन पर कब्जा दिलाना

*324. <u>श्री मनोहर प्रसाद सिंह</u>--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत उत्तरी कांटाकोश पंचायत की माखोम मरांडी पति-स्व० बटेश्वर बासकी, डोमनी देवी, पति-मंगल सोरेन दोनों अम्बाडीहा, मनको मुर्मू पति-स्व० गोपाल हेम्ब्रम, बिसनपुर को बंदोबस्ती वाद संख्या 12/92-93 द्वारा लालकार्ड में मिली जमीन पर अबतक कब्जा नहीं दिलाया गया है और मालगुजारी ली जा रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उन पर्चाधारियों को जमीन पर कब्जा दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नाला निर्माण कराना

*325. <u>श्री राजेन्द्र कुमार</u>--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत मोतिहारी नगर परिषद् के वार्ड नं० 38 के बुद्धा कॉलोनी में मुख्य नाला नहीं होने के कारण जल-जमाव की समस्या बनी रहती है, जिसके कारण जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कॉलोनी में नाला का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

तकनीकी समस्या से निजात दिलाना

*326. <u>श्री (मो०) नवाज आलम</u>--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के आरा प्रखण्ड में जन-वितरण प्रणाली के दुकानों में स्थापित मशीन में सही व्यक्ति का राशन कार्ड होने के बावजूद तकनीकी त्रुटि के कारण राशन उठाव की समस्या बनी हुयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्ड में विद्यमान तकनीकी समस्या को कबतक दूर कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*327. <u>श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह</u>--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के प्रखण्ड बसंतपुर में 9 पंचायत हैं, जिनमें नल-जल योजना का कार्य अधूरा है, जबकि राशि का भुगतान हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार नल-जल योजना की राशि की निकासी करने वाले के विरुद्ध कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

राशन कार्ड देना

*328. श्री मुनेश्वर चौधरी--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत गरखा एवं सदर प्रखंड छपरा में हजारों ग्रामीणों ने विगत वर्ष 2017-18 में राशन कार्ड के लिये आवेदन दिया है, जिन्हें अबतक राशन कार्ड नहीं मिलने के कारण अनाज से वंचित रह जा रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार विगत वर्ष 2017-18 में आवेदित सभी आवेदकों को राशन कार्ड मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सुधार करवाना

*329. श्री अरूण कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूरे राज्य में विभाग द्वारा आम लोगों को ऑन लाइन से मालगुजारी रसीद उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसमें लिखा हुआ है कि इसका उपयोग किसी भी न्यायालय में साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकता है, जबकि मूल मालगुजारी रसीद मांगने पर कर्मचारी अनदेखी कर रहा है, यदि हाँ, तो सरकार जाँच करवाकर इसमें कबतक सुधार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*330. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला में रब्बी फसल में यूरिया की आपूर्ति उचित मात्रा में इफको एवं अन्य कंपनी द्वारा नहीं करने के कारण किसानों को काफी कठिनाई हुयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इफको के स्थानीय अधिकारी के मनमानीपूर्ण रवैया के कारण यूरिया की आपूर्ति समय पर नहीं की गयी तथा बोआई के मौसम के 2-3 माह के बाद पूर्णियाँ में यूरिया का रैक लगाया गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दोषी अधिकारी पर कार्रवाई करने तथा यूरिया की आपूर्ति समय पर सुनिश्चित कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्यों को पूरा कराना

*331. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जलापूर्ति परियोजना फेज-1 जिसकी प्राक्कलित राशि 318 करोड़ रुपयें थी, के अन्तर्गत भागलपुर नगर निगम क्षेत्र के 51 वार्डों में कुल 460 किलो मीटर नया पाइप लाइन बिछाकर जलापूर्ति कराना एवं कुल 19 नये जलमीनारों का निर्माण तथा 68,182 घरों में हाउस सर्विस कनेक्शन का कार्य दिनांक 11 अक्तूबर, 2014 से संविदा अवधि 42 माह तक अर्थात जून, 2019 तक पूरा किया जाना था, जिसमें वर्तमान में कुल 180 किलो मीटर तक नया पाइप लाइन बिछाया गया है तथा 5 जलमीनारों का स्ट्रेक्चर वर्क के साथ कुल 11,515 घरों में हाउस सर्विस कनेक्शन का कार्य पूरा कर लिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार भागलपुर जलापूर्ति परियोजना फेज-1 के अधूरे कार्यों को कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पक्कीकरण कराना

*332. श्री रवीन्द्र सिंह-क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत अरवल नगर परिषद् क्षेत्र में एन०एच० 110 से बिजली कार्यालय, मखदुमपुर ग्राम होते हुये खनकुलीपुर तक जाने वाली सड़क कच्ची है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

गोदाम निर्माण कराना

*333. श्री सत्यदेव राम--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के दरौली प्रखण्ड में कृषि कार्य में उपयोग होने वाले रासायनिक खादों को रखने हेतु कोई गोदाम उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण कृषि कार्य हेतु किसानों को काफी दूर से यूरिया या अन्य रासायनिक खादों को खरीद कर लाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड में कबतक गोदाम का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

मकान आवंटित करना

*334. श्री संजीव चौरसिया--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के दीघा विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत राघपुर के अम्बेदकर कॉलोनी के स्लम बस्ती में रहने वाले करीब 300 परिवारों को रहने के लिये पक्का मकान निर्माण होकर तैयार है, फिर भी वे लोग झोपड़ियों में रहने को विवश हैं, यदि हाँ, तो सरकार निर्मित पक्का मकान को स्लम में रहने वाले 300 परिवारों को कबतक आवंटित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सौन्दर्यीकरण कराना

*335. श्री जनार्दन माँझी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत अमरपुर विधान सभा क्षेत्र के अमरपुर पंचायत के चनसार पोखर के चारों तरफ खुदाई एवं सीढ़ी घाट नहीं होने से श्रद्धालुओं को स्नान करने एवं आने-जाने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पोखर के चारों तरफ खुदाई एवं सीढ़ी घाट के साथ कबतक सौन्दर्यीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चापाकल लगवाना

*336. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार सरकार, पटना के पत्रांक 6/प्रा०अ०-109/2015 (खंड-3) 454, दिनांक 6 मार्च, 2018 द्वारा वैशाली जिला के लालगंज प्रखंड में 3, जन्दाहा प्रखंड में 1, महुआ प्रखंड में 1 एवं राघोपुर प्रखंड में 3 चापाकल गाड़ने का आदेश कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, हाजीपुर को दिया गया था, परन्तु अभीतक उक्त वर्णित प्रखंडों में एक भी चापाकल नहीं गाड़ा गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित प्रखंडों में चापाकल गाड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

मुआवजा दिलाना

*337. मो० नवाज आलम--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के आरा विधान सभा क्षेत्र से होकर पटना, बक्सर राष्ट्रीय राजमार्ग एन० एच० 30 एवं एन० एच० 84 परियोजना का निर्माण किया जा रहा है एवं राजमार्ग निर्माण में बहुत सारे भूमि मालिकों की भूमि के मिसिंग प्लॉट को बिना नोटिस किये या बिना मुआवजा राशि का भुगतान किये कार्य कराया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि आरा के सिंगही के थाना नं० 247, अंचल-आरा सदर, जिला-भोजपुर के अन्तर्गत खाता नं० 32, खेसरा नं० 164, रकबा 0.0576244 हेक्टेयर एवं खाता नं० 70, खेसरा नं० 167, रकबा 0.255605 हेक्टेयर अधिगृहित भूमि पटना-बक्सर राष्ट्रीय राजमार्ग एन० एच० 30 एवं एन० एच० 84 परियोजना मिसिंग प्लॉट धारक को मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ऐसे भूमि मालिकों को नोटिस कर मुआवजा दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पशु स्वा० उप-केन्द्र को चालू कराना

*338. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहादुरपुर प्रखंड अन्तर्गत डगरशाम सेन्टर चौक पर गहन पशु स्वास्थ्य उप-केन्द्र काम कर रहा था जिसमें पशु चिकित्सक एवं गर्भाधान की व्यवस्था थी, फिर भी विगत 5 वर्षों में न तो कोई चिकित्सक और न ही कोई पशुधन सहायक उप-केन्द्र पर प्रतिनियुक्त हैं, जिससे पशुपालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गहन पशु स्वास्थ्य उप-केन्द्र को पुन: पूर्व की भाँति कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पशु चिकित्सालय का निर्माण

*339. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत पण्डौल प्रखंड के बेलाही, लोहट पंचायत सहित पाँच पंचायतों की परिधि में पशु चिकित्सालय नहीं है, जबकि पूरा पण्डौल प्रखंड कृषि एवं पशुपालन पर ही आधारित क्षेत्र है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पण्डौल प्रखंड के लोहट में उपलब्ध सरकारी जमीन पर पशु चिकित्सालय के निर्माण का विचार रखती है ?

---------

जलापूर्ति कराना

*340. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत मनिहारी नगर पंचायत के वार्ड संख्या 15 शिम्भूडीह के 1,500 परिवार आजादी के पूर्व के बने 3 कुओं से अबतक पानी पी रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार वहाँ नल-जल योजना द्वारा जल आपूर्ति का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जलापूर्ति कराना

*341. श्री चन्द्रशेखर--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत मधेपुरा नगर परिषद् के मधेपुरा सदर अस्पताल के समीप बने जल मीनार से जलापूर्ति किसी नगरवासियों को नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जलमीनार को चालू कर नगर परिषद् क्षेत्र के प्रत्येक घर को जलापूर्ति की सुविधा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापित करना

*342. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत अंचल-कोचस में पिछले छ: माह से अंचलाधिकारी का पद रिक्त है जिसके कारण आम जनता को भूमि संबंधी कार्य कराने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार अंचल कोचस में अंचलाधिकारी को कबतक पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना

*343. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला अन्तर्गत बेतिया के पावर हाऊस चौक के समीप पानी टंकी बंद रहने के कारण नगरवासियों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पानी टंकी को कबतक चालू कराकर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जमीन उपलब्ध कराना

*344. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सदर प्रखंड के सोनकी पंचायत के सोनकी, लडवाना एवं जफश गाँव के लगभग 100 महादलित परिवार भूमिहीन हैं, जिसके पास आवास के लिये जमीन नहीं होने के कारण लोगों को खानाबदोस की जीवन जीने को बाध्य होना पड़ रहा है, यदि हाँ तो सरकार उक्त महादलित परिवारों को आवास के लिये कबतक जमीन देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पशु चिकित्सक की पदस्थापना

*345. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड पशु अस्पताल में पशु चिकित्सक का पद रिक्त रहने से पशुपालकों को बहुत ही कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड पशु अस्पताल में पशु चिकित्सक की पदस्थापना करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कोल्ड स्टोरेज स्थापित करना

*346. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव प्रखण्ड में वर्त्तमान में एक भी कोल्ड स्टोरेज नहीं है, जिससे उक्त क्षेत्र के किसानों को अपने कृषि उत्पादों को सुरक्षित रखने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कहलगाँव प्रखण्ड के कहलगाँव में कोल्ड स्टोरेज स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आवासीय भवन का निर्माण कराना

*347. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कोटवा अंचल कार्यालय का भवन एवं पदाधिकारी/कर्मचारियों का आवास नहीं रहने के कारण जनहित में कार्यों का निष्पादन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक कोटवा अंचल कार्यालय का भवन एवं पदाधिकारी/कर्मचारियों के लिये आवासीय भवन का निर्माण करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

औचित्य बतलाना

*348. श्री (मो०) कमरूल होदा--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समाज के गरीब एवं असहाय परिवारों को राशन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार ने PHH (Priority House Hold) एवं एवं अंत्योदय कार्ड का प्रावधान किया है;

(2) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के पोठिया प्रखण्ड अन्तर्गत लगभग दो हजार से अधिक PHH एवं अंत्योदय कार्डधारी लाभुकों का नाम राशन दुकानदारों (डीलर) के वितरण सूची से वर्ष 2020 में हटा (Delete) कर दिया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

योजना का कार्यान्वयन

*349. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ शहर के लोगों को आयरनयुक्त पानी पीने से मुक्ति दिलाने के लिये दो चरणों में जुलाई, 2020 तक 55 हजार घरों में साफ पानी का कनेक्शन देने का लक्ष्य है, जबकि शहर में अबतक मात्र 4500 घरों में पानी का कनेक्शन दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार लक्ष्य के अनुरूप योजना के कार्यान्वयन हेतु कौन-सी कार्य योजना कबतक लाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पेय जलापूर्ति करना

*350. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सोनो प्रखण्ड के ग्राम बापाकोल, तैतरिया, दक्षिण टोला, भलशुममिया, असरखो, गढ़टोड़ आदि गाँवों में हर घर नल-जल योजना के तहत निर्मित किये गये बोरिंग फेल हो जाने से ग्रामीण पेयजल की सुविधा से वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्रामों में पेय जल सुविधा बहाल रखने के लिये कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पैक्स भवन का निर्माण कराना

*351. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के गड़हनी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत गड़हनी प्रखण्ड के उप पंचायत में पैक्स भवन का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे किसानों के फसल को क्रय करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायत में पैक्स भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पशु चिकित्सालय का निर्माण

*352. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कोटवा प्रखण्ड में अवस्थित पशु चिकित्सालय किराये के जर्जर मकान में कार्यरत हैं, जिससे पशु चिकित्सकों को पशु चिकित्सा करने में तथा दवा के रख-रखाव में काफी कठिनाई होती है और पशुपालकों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कोटवा प्रखण्ड मुख्यालय में कबतक पशु चिकित्सालय भवन का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

राशन कार्ड देना

*353. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत पण्डौल, रहिका एवं नगर परिषद् क्षेत्र, मधुबनी के 8500 गरीब, अतिपिछड़ा एवं अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों द्वारा अनुमंडल स्तर पर राशन कार्ड हेतु तीन वर्ष पूर्व फॉर्म भरा गया है, परन्तु अभीतक राशन कार्ड का वितरण नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक राशन कार्ड का वितरण कराने का विचार रखती है ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*354. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसण्ड प्रखण्ड के वार्ड नं० 13 में हुमरिया घाट से विनोद पासवान के घर के नजदीक तक सड़क कच्ची है, जबकि वित्तीय वर्ष 2015-16 में हीं पक्कीकरण हेतु निविदा निकाला गया था, फिर भी निर्माण कार्य अबतक प्रारम्भ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक पक्कीकरण करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापन करना

*355. डॉ० रामानन्द यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फतुहा विधान सभा क्षेत्र के फतुहा प्रखण्ड के अंचलाधिकारी के द्वारा 26 दिसम्बर, 2019 को अपने पद से त्याग पत्र दे दिया गया है, उसके बाद से फतुहा अंचलाधिकारी का पद रिक्त है जिसके कारण ग्रामीणों को अंचल संबंधित कार्य कराने में काफी कठिनाइयाँ हो रही हैं, यदि हाँ, तो सरकार फतुहा अंचल में कबतक अंचलाधिकारी का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मरम्मती कराना

*356. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत प्रखण्ड विक्रमगंज नगर परिषद् वार्ड नं० 04 में बाजार समिति का शेड 25 वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिससे व्यापारियों को अपने उत्पाद के खरीद-बिक्री में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर शेड को कबतक मरम्मती कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

तकनीकीविद् का पदस्थापन

*357. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मीनापुर प्रखण्ड में मिट्टी जाँच प्रयोगशाला का भवन 10 वर्ष पूर्व से बनकर तैयार है, जहाँ मिट्टी जाँच के लिये तकनीकीविद की प्रतिनियुक्ति नहीं रहने के कारण आम किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्ड में कबतक मिट्टी जाँच के लिये तकनीकीविद को पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पानी टंकी का निर्माण

*358. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखण्ड के ग्राम-गुरपा एवं टनकुप्पा प्रखण्ड के ग्राम-चोमार की आबादी 6 हजार से अधिक है जहाँ पानी टंकी नहीं होने के कारण शुद्ध पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँवों में पानी टंकी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

राजस्व कर्मचारियों की संख्या बढ़ाना

*359. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के हरसिद्धि विधान सभा क्षेत्र दो अंचलों में पंचायतों की संख्या 35 है, जिसमें मात्र 9(नौ) राजस्व कर्मचारी कार्यरत हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि राजस्व कर्मचारियों की संख्या कम होने के कारण कम राजस्व की वसूली होती है तथा आम व्यक्तियों को कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राजस्व कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

राशि का भुगतान

*360. श्री श्रीनारायण यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विभागीय आदेश संख्या 490, दिनांक 26 अगस्त, 2019 द्वारा सेवानिवृत्त उच्च वर्गीय लिपिक क्रमशः श्री राम प्रसाद राम, श्री रंगनाथ शर्मा, श्री चरित्र यादव एवं स्व0 विन्दा प्रसाद को ग्रेड वेतन 4800(अड़तालीस सौ) में तृतीय वित्तीय उन्नयन का लाभ दिया गया है, जबकि निर्धारित वेतन का लाभ वित्त विभाग से सत्यापन के आलोक में अबतक लम्बित रखा गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सेवानिवृत्त कर्मियों के निर्धारित वेतन का सत्यापन कराकर बकाया राशि का भुगतान कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

नाला का पक्कीकरण

*361. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के न्यू बाइपास के उत्तरी किनारे (एन0 एच0 30) भोंठापुर से भूतनाथ रोड (नन्दलाल छपरा) तक आर0 सी0 सी0 नाला का निर्माण अधूरा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नाले का निर्माण में देरी होने से कंकड़बाग का इसे सटा हुआ इलाका बरसात में डूब जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक इस नाले का पक्कीकरण करवाएगी ?

----------

पशु चिकित्सालय खोलवाना

*362. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के झंझारपुर प्रखण्ड के कमला तटबंध के पश्चिमी 10 पंचायतों में पशु चिकित्सालय नहीं रहने से किसानों के पशुधन बीमारी के इलाज अभाव में मर रहे है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त क्षेत्र में कबतक पशु चिकित्सालय खोलना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्रवाई करना

*363. श्री लाल बाबू राम--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत मुजफ्फरपुर प्रखण्ड के सकरा ग्राम में शौचालय की राशि भुगतान में सुपरवाईजर एवं पदाधिकारी के मिलीभगत से राशि की निकासी कर ली गई है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पदाधिकारियों पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जलापूर्ति कराना

*364. डॉ0 रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के दिघवारा प्रखंडान्तर्गत हराजी पंचायत के वार्ड नं0 15, 12, 10, 9, 7, 5 में विगत चार वर्षों से जलापूर्ति हेतु पाइप लाइन बिछा हुआ है, परन्तु अभीतक जल आपूर्ति शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वार्डों में जल आपूर्ति शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

धान की खरीद कार्य में गति लाना

*365. श्री (मो0) कमरूल होदा--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खरीफ विपणन 2019-20 में किशनगंज जिला में किसानों से 30 हजार मेट्रिक टन धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य निर्धारित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि विभागीय लापरवाही के कारण अबतक कुल 6 हजार 700 मेट्रिक टन धान खरीद हो सका है, जो निर्धारित लक्ष्य से काफी कम है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप जिला के सभी किसानों से धान की अधिप्राप्ति समर्थन मूल्य पर खरीद कार्य में गति लाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

जाँच कराना

*366. श्री अशोक कुमार(208)--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बुडको से अमृत योजना अन्तर्गत रोहतास जिला के अन्तर्गत सासाराम में आठ जलमीनार एवं पूरे शहर में पाइप बिछाई का कार्य चल रहा है, जिसमें मानक के अनुरूप 3'06'' नीचे गहरा खोदे गए रोड को रिस्टोर करना है, जबकि संवेदक द्वारा मात्र 6'' नीचे गहरा एवं बिना रिस्टोर किए रोड छोड़ दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त निर्माण कार्य की जाँच कर दोषियों पर कार्रवाई के साथ कार्य में सुधार कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पार्क का निर्माण

*367. श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत हिलसा नगर परिषद् के आम जनता को कोई पार्क उपलब्ध नहीं है, जबकि उक्त नगर परिषद् क्षेत्र में 8 एकड़ सरकारी भूमि खाली पड़ी हुई है, यदि हाँ, तो सरकार हिलसा नगर परिषद् क्षेत्र में एक पार्क निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पेय जलापूर्ति करना

*368. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई प्रखंड एवं सोनों प्रखण्ड जंगलों तथा पहाड़ों से घिरा इलाका है, जहाँ पेयजल की समस्या व्याप्त है;

(2) क्या यह बात सही है कि दोनों प्रखण्डों के गाँवों में पेयजल की सुविधा प्रदान करने हेतु प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा चापाकल निर्माण कराने के संबंध में दिनांक 19 सितम्बर, 2019 को कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, जमुई को सूची भी दी गई है, जिसपर आजतक पेयजल की सुविधा प्रदान करने के लिए किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

बिजली की व्यवस्था

*369. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के अररिया जीरो माईल बस पड़ाव का निविदा प्रतिवर्ष अपर समार्हता कार्यालय द्वारा किया जाता है, जिससे विभाग को लाखों का राजस्व प्राप्त होता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बस पड़ाव में बिजली की व्यवस्था नहीं रहने से यात्री को रात्रि में अंधेरे में सफर करने को विवश होना पड़ता है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त बस पड़ाव में बिजली की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पार्किंग की व्यवस्था कराना

*370. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय नगर क्षेत्र अन्तर्गत शहरी इलाकों में हर-हर महादेव चौक से कर्पूरी स्थान, काली स्थान होते हुये विष्णुपुर तक और पावर हाउस चौक से बस पड़ाव होते हुये खातोपुर तक अनियमित पार्किंग एवं अनियंत्रित यातायात व्यवस्था के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार बेगूसराय शहर में नियमित पार्किंग की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

राजस्व कर्मचारी की प्रतिनियुक्ति

*371. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद, गया, जहानाबाद, नवादा सहित राज्य के तीस जिलों में गर्मी के दिनों में पेयजल का घोर संकट उत्पन्न हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार पेयजल संकटग्रस्त जिलों में पेय जलापूर्ति की कौन-सी योजना कबतक लाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पशु चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण

*372. डॉ० शमीम अहमद--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला में वेटनरी कॉलेज नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन अन्यत्र स्थानों पर जाकर करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जिला में वेटनरी कॉलेज की स्थापना करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कब्जा दिलाना

*373. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के बड़हरा अंचल में अंचलाधिकारी एवं तहसीलदार के मिलीभगत से मौजा-मोहनपुर कर्जा, खाता नं० 113/383/428/152, खाता नं० 299, 593, 1342/1343 जमीन का वर्ष 2011 में फर्जी दाखिल खारिज कर दिया गया था, जिसे अपर भूमि सुधार समाहर्ता, आरा द्वारा फर्जी दाखिल खारिज को वर्ष 2015 में नियमानुसार रद्द कर दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार जाँच कराते हुये दोषियों पर कार्रवाई एवं उक्त जमीन पर कबतक कब्जा दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

बासगीत पर्चा मुहैया कराना

*374. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के जोकी ग्राम एवं सेलीबेली ग्राम के ग्रामीणों द्वारा अंचलाधिकारी, बासोपट्टी को बासगीत पर्चा हेतु पिछले एक वर्ष से आवेदन देने के बावजूद अबतक बासगीत पर्चा नहीं मिल सका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक ग्रामीणों को बासगीत पर्चा मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार कराना

*375. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखंड मुख्यालय में अवस्थित प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय भवन काफी जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर भवन का कबतक जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

खाद्यान्न उपलब्ध कराना

*376. श्री जीवेश कुमार--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत जाले एवं सिंहवाड़ा प्रखंड के सभी राशन डीलर के यहाँ प्वॉइंट ऑफ सेल (POS) मशीन के द्वारा उपभोक्ता को अनाज एवं मिट्टी तेल का वितरण किया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्वॉइंट ऑफ सेल (POS) मशीन लगने से 15 प्रतिशत उपभोक्ता आधार एवं अन्य कारण से आनाज एवं मिट्टी तेल लेने से वंचित रह जाते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार 15 प्रतिशत वंचित उपभोक्ता को खाद्यान्न उपलब्ध कराने का वैकल्पिक व्यवस्था कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

बस स्टैंड निर्माण कराना

*377. श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के चकिया प्रखंड अन्तर्गत चकिया नगर पंचायत में बुडको द्वारा पिछले तीन वर्ष से बस स्टैंड का निर्माण कार्य धीमी गति से कराये जाने के कारण ससमय कार्य पूर्ण नहीं कराया जा सका है, जिससे उक्त नगर क्षेत्र में आमलोगों को कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त निर्माण कार्य की जाँच कराकर अविलम्ब कार्य पूर्ण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

तालाब का जीर्णोद्धार

*378. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास अंचल स्थित मौजा फुलपरास थाना नं० 105, खाता नं० 291, खेसरा नं० 1134, रकबा 2 बीघा 12 कट्ठा पुरनी पोखर अवैध अतिक्रमणग्रस्त है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य ने आम जनता द्वारा दिये गये आवेदन के आलोक में अपने पत्रांक 21, दिनांक 12 अप्रील, 2017 द्वारा वर्णित अतिक्रमण खाली कराने हेतु पत्र लिखा था, लेकिन आजतक अंचलाधिकारी, फुलपरास ने कोई कार्यवाही नहीं की है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक वर्णित तालाब को अतिक्रमणमुक्त कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*379. श्री नन्द कुमार राय--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 11 दिसम्बर, 2019 को प्रकाशित शीर्षक "बाट सत्यापन में पैसा माँगने का आरोप मापतौल के निरीक्षक को बनाया बंधक" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मुजफ्फरपुर पश्चिमी अनुमंडल मापतौल विभाग के निरीक्षक पर तराजू, बटखारा व काँटा सत्यापन में चार से पाँच हजार रुपये माँगने पर दुकानदारों द्वारा मापतौल निरीक्षक पश्चिमी को बंधक बनाया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत दो से तीन वर्षों से मुजफ्फरपुर पश्चिमी के मापतौल निरीक्षक द्वारा तराजू, बटखारा एवं काँटा सत्यापन में अनियमितता बरती जा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त तराजू, काँटा एवं बटखारा सत्यापन में रिश्वत माँगने वाले मापतौल निरीक्षक, पश्चिमी अनुमंडल पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

खाद्य मुहैया कराना

*380. डॉ० शमीम अहमद--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा राज्य स्तर पर पैक्स अध्यक्षों के द्वारा किसानों को खाद की आपूर्ति करने का प्रावधान किया गया है, जिसके तहत सरकार से खाद की आपूर्ति प्राप्त हुई है जो बाजार में उपलब्ध मूल्य से अधिक मूल्य पर किसानों को दिया जा रहा है एवं किसान परेशान हैं, यदि हाँ, तो सरकार निश्चित खुदरा मूल्य पर किसानों को खाद मुहैया कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जलापूर्ति कराना

*381. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के प्रखंड लकडी नवीगंज एवं प्रखण्ड वसंतपुर के वसाँव में जलमीनार है, परन्तु इन दोनों जलमीनार से आम जनता को जलापूर्ति का लाभ नहीं मिलता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जलमीनारों से आम लोगों को कबतक जलापूर्ति कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कब्जा दिलाना

*382. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखंड के आरापट्टी पंचायत थाना-जलई (महिषी) मौजा-थनवार, कुम्हरा में वर्ष 2012-13 में सात परिवार तथा सोनपी देवी, पति-बेगु पासवान, रूपमईन देवी, पति-रामविलास पासवान, कला देवी, पति-हिरालाल प्रसाद, गनिया देवी, पति-जिरू पासवान, रम्भा देवी, पति-प्रमोद पासवान, सज्जन देवी, पति-हीरा लाल पासवान एवं सुनीता देवी, पति-संतोष पासवान को खाता संख्या-515, खेसरा 1693 से 3-03 डीसमील जमीन का औपबंधिक प्रमाण-पत्र दिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सातों परिवारों के नाम औपबंधिक जमीन पर स्थानीय दबंगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है, जिसके कारण सातों परिवार भूमिहीन हो गये हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त जमीन पर वर्णित लोगों को कब्जा दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा देना

*383. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय राजमार्ग या राज्यमार्ग के 80 मी० के दायरे में व्यवसायिक क्षेत्र तथा 100 मी० के दायरे में आवासीय क्षेत्र सरकार द्वारा घोषित है;

(2) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत कोईलवर अंचल के चन्दा, मुहम्मदपुर, दौलतपुर, जमालपुर मौजा में कोईलवर-छपरा फोरलेन में किसानों को खण्ड (1) में वर्णित प्रावधान के अनुसार भू-अर्जन पदा०, भोजपुर द्वारा किसानों के अधिग्रहित जमीन का मुआवजा नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

पशु चिकित्सा उप-केन्द्र की स्थापना

*384. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के टिकारी प्रखण्ड के जलालपुर पंचायत में पशु चिकित्सा की कोई सुविधा नहीं होने के कारण पशुपालकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायत में पशु चिकित्सा उप-केन्द्र की स्थापना कराने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क एवं पुलिया का निर्माण कराना

*385. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसण्ड नगर पंचायत वार्ड नं० 13 में छेदी पंडित के घर के नजदीक नाली तक सड़क कच्ची है एवं नाली के पास पुल भी नहीं होने के कारण नाली पार

करने के लिये आम लोग नाव या चाली का सहारा ले रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क एवं पुलिया का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

राजस्व कर्मचारी की प्रतिनियुक्ति.

*386. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार में 27 एवं सोनबरसा अंचल में 20 पंचायत हैं, जिसमें क्रमश: तीन एवं दो ही राजस्व कर्मचारी प्रतिनियुक्त हैं, जिसके कारण दोनों अंचलों में दाखिल-खारिज के चार हजार से अधिक आवेदन लम्बित हैं, यदि, हाँ तो सरकार उक्त प्रखंडों में रिक्ति के अनुरूप राजस्व कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

अतिक्रमण मुक्त कराना

*387. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के ग्राम-मंझोपुर, पंचायत-रोहाई, प्रखण्ड-करपी में आहर के लिये खाता नं० 13, प्लॉट नं० 230, रकबा 3 एकड 23 डीसमील एवं खाता नं० 53, प्लॉट नं० 201, रकबा 2 एकड़ 36 डीसमील कुल 6 एकड़ जमीन चिन्हित है, जिससे सिंचाई कार्य होता है;

(2) क्या यह बात सही है कि खाता नं० 53, प्लॉट नं० 201, रकबा 2 एकड़ 3 डीसमील आहर को स्थानीय असामाजिक तत्वों द्वारा अतिक्रमित कर लिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अतिक्रमित जमीन को कबतक अतिक्रमण से मुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

लक्ष्य पूरा करना

*388. श्री चन्द्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इस्लामपुर नगर पंचायत में कुल आबादी 35,641 के लिये शहरी वार्ड 19 है, जिसमें नल-जल योजना से वित्तीय वर्ष 2017-18 में कुल 2,322 घरों को तथा वित्तीय वर्ष 2018-19 में कुल 6,245 घरों को आच्छादित करने का लक्ष्य था, जिसमें क्रमश: 582 एवं 1,515 घरों को ही आच्छादित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित नल-जल योजना के कार्य कराने में हुई सड़क क्षति की मरम्मती संवेदक के द्वारा योजना स्थल पर नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार योजना स्थल पर क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मती के साथ तय लक्ष्य को कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है ?

कूड़ा डम्पिंग यार्ड बनाना

*389. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के बक्सर नगर परिषद् क्षेत्र में कूड़ा-कचड़ा के निवारण हेतु Dumping Yard (Plant) नहीं है, जिससे शहर में कूड़ा यत्र-तत्र भंडारण होता है, यदि हाँ, तो कबतक उक्त क्षेत्र में कूड़ा डॉपिंग यार्ड बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

खाद्यान्न आपूर्ति कराना

*390. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास प्रखंड मुख्यालय में पिछले दस वर्षों से राज्य खाद्य निगम का गोदाम निर्मित है, के बावजूद फुलपरास प्रखण्ड के जन-वितरण प्रणाली के बिक्रेताओं को फुलपरास से 15 किलो मिटर दूर घोघरडीहा राज्य खाद्य निगम के गोदाम से खाद्यान्न की आपूर्ति की जाती है, जिससे बिक्रेताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जबकि अनुमंडल पदाधिकारी, फुलपरास ने अपने पत्रांक 590 आ०, दिनांक 20 सितम्बर, 2019 द्वारा जिला प्रबंधक से भी अनुरोध किया है, यदि हाँ, तो सरकार फुलपरास प्रखंड के जन-वितरण प्रणाली के दुकानदार को प्रखंड मुख्यालय के गोदाम से ही खाद्यान्न का उठान सुनिश्चित कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों?

कार्रवाई करना

*391. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर प्रखण्ड अन्तर्गत इन्दिरा ज्योति कन्या +2 विद्यालय के अहाते में 12 वर्षों से बन रहे लघु पेयजल योजना पूर्णत: बंद पड़ा हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत पाँच वर्ष से विभागीय अभियंतागण मरम्मती कर दो-चार दिन के लिये जलापूर्ति प्रारम्भ कराये हैं, जबकि योजना प्राक्कलन में निर्धारित मानक के विपरीत पूर्ण किये जाने के कारण जलापूर्ति कार्य सफल नहीं हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त योजना में कराये गये निर्माण कार्यों की जाँच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई के साथ कबतक पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पेयजल की आपूर्ति

*392. श्रीमती रिंकी रानी पाण्डेय--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखण्ड रामपुर पंचायत सबार ग्राम-बहेरी अनुसूचित जाति टोला में हर घर नल का जल योजना का कार्य कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना का कार्य पूर्ण करा लिया गया है, जबकि ग्रामीणों को शुद्ध पानी की सुविधा नहीं मिल पाई है तथा पाइप भी जमीन से ऊपर की सतह पर रखा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अनुसूचित जाति टोला में नल का जल योजना से ग्रामीणों को कबतक शुद्ध पेयजल आपूर्ति कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जलापूर्ति कराना

*393. डॉ० विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत डोभी प्रखण्ड के पंचायत अंगरा के ग्राम-निमियांटांड़ में पेयजल आपूर्ति हेतु करीब दो वर्षों से जलमीनार बनकर तैयार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जलमीनार से पेयजल आपूर्ति नहीं होने के कारण लोगों को पेयजल के लिये काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने हेतु उक्त वर्णित जलमीनार से जलापूर्ति कबतक प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा देना

*394. श्री जीवेश कुमार--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत जाले प्रखण्ड के कछुआ एवं रतनपुर चौड़ में 300 एकड़ कृषि योग्य भूमि बाढ़ एवं बरसात के कारण अभीतक जल-जमाव से ग्रसित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पानी की निकासी नहीं होने से किसानों का धान का फसल बिल्कुल बर्बाद हो गया तथा गेहूँ की फसल भी जल-जमाव के कारण नहीं हो सका, जिसके कारण किसानों में मायूसी छाई हुयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जल-जमाव से ग्रसित कृषि योग्य भूमि का आकलन कर किसानों को मुआवजा प्रदान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*395. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा नगर परिषद् के वार्ड नं० 17 के जलबलपुर संस्थान चौक से पश्चिम में रेलवे गुमटी होते हुये चिमनी बाजार तक सड़क कच्ची है, जिसके कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क को पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*396. श्री सुबेदार दास--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री नल-जल योजना में नालन्दा जिला के प्रखण्ड एकंगरसराय के अंचलाधिकारी के पत्रांक 2244, दिनांक 3 दिसम्बर, 2019 के द्वारा सार्वजनिक स्थल पर निर्गत अनापत्ति प्रमाण-पत्र पर बोरिंग न गाड़कर मंडाच्छ पंचायत के वार्ड नं० 5 में निजी जमीन में बोरिंग किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्रामीणों द्वारा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल, हिलसा के कार्यपालक अभियंता को लिखित जानकारी दी जाने के बाद भी संवेदक एवं संबंधित अभियंताओं पर कार्रवाई नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

-------------

योजना की जाँच

*397. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल, बोधगया के 19 वार्डों में जवाहर लाल नेहरू योजना अरवन मिशन के तहत 99.8 करोड़ की लागत से सीवरेज का निर्माण कार्य वर्ष जून, 2011 में प्रारम्भ किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि बुडको एवं रम्की की मिलीभगत से 99.8 करोड़ रुपये की राशि का बंदरबांट कर लिया है एवं बोधगया के 19 वार्डों में सीवरेज का निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2017-18 तक मात्र 50 प्रतिशत कार्य ही किया गया है एवं कार्य बंद है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त योजना की जाँच कराकर दोषी पदाधिकारी एवं संवेदक पर कार्रवाई के साथ कबतक कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

घेराबंदी कराना

*398. श्री चन्द्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत इसलामपुर नगर पंचायत के वार्ड नं० 4 में अवस्थित पशु हाट के मैदान की घेराबंदी तथा एक बड़ा सामुदायिक भवन के निर्माण का निर्णय मार्च, 2019 में सरकार द्वारा लिया गया था, परन्तु निर्माण कार्य की प्रक्रिया अभीतक प्रारम्भ नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित मैदान की घेराबन्दी तथा सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जमीन देना

*399. श्री शिवचन्द्र राम--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के देसरी प्रखण्ड के रसलपुर पंचायत के ग्राम-चैनपुर नन्हकार के पोखर पर 50 वर्षों से दलित, महादलित एवं अति पिछड़ा वर्ग के भूमिहीन लोग बसे हुये हैं, जिनके पास कोई आवासीय जमीन उपलब्ध नहीं है, जबकि जल-जीवन-हरियाली योजना के तहत पोखर के निकट बसे गरीबों को हटाया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पोखर के पास इन्दिरा आवास में रह रहे हैं जिनके पास कोई वासगीत जमीन नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार पोखर पर बसे भूमिहीनों को पोखर से हटाने के पूर्व जमीन देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क एवं नाला निर्माण

*400. श्री विद्यासागर केशरी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि फारबिसगंज नगर परिषद् के वार्ड सं० 19 एवं 20 में पंचमुखी हनुमान मंदिर से अशोक पांडेय के घर तक सड़क को नाला सहित पक्कीकरण नहीं किये जाने के कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को नाला सहित कबतक पक्कीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मुआवजा देना

*401. डॉ० अशोक कुमार(139)--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत कमला बलान के पश्चिम तटबंध के निर्माण कार्य लगभग चार वर्ष पूर्व पूरा हो चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इसके निर्माण के लिये अर्जित भूमि का मुआवजा कुशेश्वर स्थान (पूर्वी) प्रखण्ड के पंचायत महिसठ, केवटगामा एवं सुधराईन के सैकड़ों किसानों को अभीतक मुआवजा राशि नहीं मिलने के कारण आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पटना :
दिनांक 27 फरवरी, 2020 (ई०)।

बटेश्वर नाथ पाण्डेय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि०स०मु० 147 (एल०ए०), 2019-20 डी०टी०पी०—550